मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-45
24/01/2019

जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उन्हें किया गया शत्–शत् नमन एवं अर्पित की गई श्रद्धांजलि

पटना, 24 जनवरी 2019 :— जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर बिहार विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री लालजी टंडन, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य महानुभावों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

अवसर विशेष पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, पूर्व मंत्री श्री भीम सिंह, पूर्व मंत्री श्री बैद्यनाथ सहनी, पूर्व विधान पार्षद श्री असलम आजाद, श्री गुलाम गौस, पूर्व विधान पार्षद श्री उदयकांत चौधरी, सदस्य राज्य खाद्य आयोग श्री नंद किशोर कुशवाहा, पूर्व प्रदेश महासचिव नागरिक परिषद श्री छोटू सिंह सहित राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन एवं जननायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों का गायन किया गया।

इसके अलावा देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, उर्जा मंत्री श्री विजेन्द्र यादव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, कला संस्कृति एवं युवा विभाग मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, सदस्य राज्य खाद्य आयोग श्री नंद किशोर कुशवाहा, पूर्व प्रदेश महासचिव नागरिक परिषद श्री छोटू सिंह सहित अनेकों सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग के कलाकारों एवं किलकारी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

******